राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ लखनऊ ■ नई दिल्ली ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

लखनऊ

बुधवार ● 9 अगस्त ● 2017


दबंग-3 का ऑफर बिना सोचे समझे हां कर दूंगी : मलाइका

पेज-20







नयी सरकार में भाजपा के जितने भी मंत्री बने हैं वे सेवा नहीं बल्कि मेवा खाने आये हैं ।

—— लालू यादव, राजद अध्यक्ष





# छात्रों ने बनाये एक से एक मॉडल










**तकनीक के जरिये जन समस्याएं सुलझाने का प्रयास**

**लखनऊ (एसएनबी)।** 'प्राविधिक शिक्षा के बढ़ते कदम' कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने एक प्रदर्शनी में तरह-तरह के मॉडलों के माध्यम से तकनीक का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए गये मॉडलों में जन समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया।

गोरखपुर स्थित महाराणा प्रताप पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों ने हस्त चलित आटा चक्की के मॉडल का प्रदर्शन किया। माडल का प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी संतोष कुमार यादव ने बताया कि इस चक्की का उपयोग उन क्षेत्रों में किया किया जा सकेगा, जहां पर बिजली उपलब्ध नहीं है। यह पारम्परिक चक्की है जिससे गेंहूं, चावल, दाल, मसाले आदि की पिसाई हो सकती है। इस चक्की को बैरिंग, चैन व साइकिल के पैडल से फिट कर दिया गया है, जिससे चक्की चलाने वाले को बहुत कम बल का प्रयोग करना पड़ेगा तथा कम समय में अधिक पिसाई हो सकेगी। यहीं के विद्यार्थियों ने पैर से चलने वाली ओसाई मशीन व नल के मॉडल का प्रदर्शन किया। छात्र अश्वनी निषाद ने बताया कि इस मशीन से ओसाई व नल से पानी निकालने का कार्य एक साथ किया जा सकता है, जिससे एक ओर जहां फसल की सफाई होगी, वहीं नल से निकले पानी से सिंचाई भी हो सकेगी।

लखनऊ के एसएमएस कालेज के विद्यार्थियों ने स्ट्रीट कार व साइकिल के मॉडल का प्रदर्शन किया। मॉडल का प्रदर्शन कर रहे छात्र विवेक मिश्र ने बताया कि यह स्ट्रीट कार सोलर पावर से चार्ज होती है तथा इसे पतली गलियों में चलने के हिसाब से बनाया गया है। इसी प्रकार साइकिल भी सोलर पावर से चार्ज होती है तथा बिना पैडल मारे आसानी से चलती है। एक बार फुल चार्ज होने के बाद दोनों चालीस किमी. की दूरी तय करते हैं।

लखनऊ के हिवेट पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों रोबोटिक मैटेरियल हैण्डलर के मॉडल का का प्रदर्शन किया। मॉडल का प्रदर्शन कर रहे छात्र सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि यह मशीन 180 डिग्री पर मैटीरियल को उठाकर कहीं भी स्टोर कर सकती है।

हीवेट पॉलीटेक्निक, लखनऊ के छात्रों ने एनड्राइड स्क्रू जैक मॉडल का प्रदर्शन किया। कॉडल की जानकारी देते हुए छात्र मनीष कुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार के भार को उठाने के लिए यह काफी उपयोगी तकनीक है। वाहनों के पहिए बदलने के लिए यह तकनीक काफी उपयोगी सिद्ध हो सकती है। बस इसे 12 वोल्ट की बैटरी से जोड़ना होगा, जो वाहनों में उपलब्ध होती है। इसके बाद मोबाइल से इसे जोड़ना होता है।

लखनऊ स्थित हिवेट पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों ने रोटरी पार्किंग सिस्टम मॉडल का भी प्रदर्शन किया। मॉडल का प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी राकेश कुमार ने बताया कि मॉडल में चार मंजिला पार्किंग दर्शायी गयी है। यह लिफ्ट सिस्टम से कार्य करती है। इसमें नीचे के हिस्से में वाहनों को खड़ा करने के बाद वह ऊपर उठ जाती है तथा उसके स्थान पर दूसरी पार्किंग आ जाती है।

आईटीएस इंजीनियरिंग कालेज, ग्रेटर नोएडा के विद्यार्थियों ने एक्सरसाइज कम पैडल पावर वाशिंग मशीन मॉडल का प्रदर्शन किया। मॉडल के संबंध में जानकारी देते हुए छात्र सुदीप गौरव ने बताया कि यह मशीन मात्र 12 से 15 हजार रुपए में तैयार हो जाती है। इसमें पैर से पैडल मारने होते हैं, जिससे एक ओर जहां कपड़े धुल जाते हैं, वहीं दूसरी ओर एक्सरसाइज भी जाती है।